CPWD-6

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL WATER COMMISSION
P&I DIVISION

Quarter No. 1061-64, Type V, NH-IV, Faridabad-
121001(HR) Phone/Fax No: 0129-2985365,
Email: pi-cwc@nic.in

NIT No.:102/06/NIT/2026-27/2064-68 **dated: 19.10.2026**

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

On the behalf of the President of India, The Executive Engineer, P&I Division, Central Water Commission, Faridabad invites online Tender on item rate basis from eligible contractors for the following work:

1. **Name of work:** "Fabrication and Installation of table mounted 3-Dimensional Working Model of RTDAS/Telemetry system on Water resource projects."

   Estimated Cost: Rs.7,67,000/- (Rupees Seven Lakh Sixty-Seven Thousand Only)
   Earnest Money: Rs.15,340/- **exempted for MSE registered vendors for similar works.**
   Performance Guarantee: 5% of tendered and accepted value of work
   Period of Completion: 14 days from issue of letter of award of the work.
   Sale of Tender: From 22.10.2026 (14:00Hrs)
   Online Submission of Bid: From 22.10.2026 (14:00 Hrs.) to 29.10.2026 (14:00 Hrs.)
   Online Opening of Tender: 30.10.2026 (14:00 Hrs.)

2. **Eligibility criteria:**
   Subject to provisions in the Tender Document, participation in this Tender Process is open to all bidders who fulfill the 'Eligibility' and 'Qualification criteria. Bidder should meet the following eligibility criteria as on the date of his bid submission and should continue to meet these till the award of the contract.

A. must be:

a) A natural person, private entity, public entity (State-owned enterprise or institution),

b) A provider of the Non-consultancy Services offered with valid registration regarding GSTIN, PAN, EPF, ESI, Labor, Private Security Agencies, as applicable to the subject Services.

B. must:

a) Not be insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have its affairs administered by a court or a judicial officer, not have its business activities suspended and must not be the subject of legal proceedings for any of aforesaid reasons.

(Including their affiliates or subsidiaries or Contractors/ subcontractors for any part of the contract):

i. Not stand declared ineligible/ blacklisted/ banned/ debarred by the Procuring Organization or its Ministry/ Department from participation in its Tender Processes; and/ or

ii. Not be convicted (within three years preceding the last date of bid submission) or stand declared ineligible/ suspended/ blacklisted/ banned/ debarred by appropriate agencies of Government of India from participation in Tender Processes of all of its entities, for:

- Offences involving moral turpitude in business dealings under the Prevention of Corruption Act, 1988 or any other law; and/or

- Offences under the Indian Penal Code or any other law for causing any loss of life/ limbs/ property or endangering Public Health during the execution of a public procurement contract and/ or
- Suspected to be or of doubtful loyalty to the Country or a National Security risk as determined by appropriate agencies of the Government of India.

iii. Not have changed its name or created a new "Allied Firm", consequent to having declared ineligible/ suspended/ blacklisted/ banned/ debarred as above.

iv. Not have an association (as a bidder/ partner/ director/ employee in any capacity) of any retired Manager (of Gazetted Rank) or any retired Gazetted Officer of the Central or State Government or its Public Sector Undertakings if such a retired person has not completed the cooling-off period of one year after his retirement. However, this shall not apply if such managers/ officers have obtained a waiver of the cooling-off period from their erstwhile organization. Of the near relations of executives of Procuring Entity involved in this Tender Process

v. Not have a conflict of interest, which substantially affects fair competition. The prices quoted should be competitive and without adopting any unfair/ unethical/ anti-competitive means. No attempt should be made to induce any other bidder to submit or not to submit an offer for restricting competition.

C. Must fulfill any other additional eligibility condition, if any, as may be prescribed, in Tender Document.

D. Must provide such evidence of their continued eligibility to the Procuring Entity if so requested.

E. Of Class-I/ Class-II Local Suppliers as per Make-in-India policy of Govt. of India.

F. From specified countries having land borders with India (but not in development partnership with India) shall be eligible subject to certain conditions as detailed in the ITB-clauses of Purchase preferences.

G. The bidder must be in the business of Planning, Design, Fabrication and Installation of 3D working models of Dams, canal, River inter linking project and any other water resources projects etc. in India for at least last 3 years or more from the date of opening of the tender.

H. Average annual financial turnover of **Rs.7.00 Lakh** in the previous 3 financial years (FY 2023-24, 2024-25 and 2025-26) needs to be submitted by the bidder.

I. The Contractor must have executed work of similar nature in Central or State Government bodies/departments, Public Sector Undertakings, in the last 5 years ending March 2026 as per the value of each work detailed below:

i. **Three** similar completed works costing not less than the amount equal to 40% of the estimated cost

Or

ii. **Two** similar completed works costing not less than the amount equal to 60% of the estimated cost.

Or

iii. **One** similar completed work costing not less than the amount equal to 80% of the estimated cost.

(**Similar work means Fabrication and Installation of 3D working models of Dams, canals,**

Rivers inter linking projects or any other water resources projects etc.)

J. Completion certificates for the above should clearly indicate the scope and nature of work carried out and the value of various components of work as executed, in order to confirm conformity to defined similar works. The completion certificate should be signed by the issuing authority with stamp without which the works will not be considered.

K. The competent authority, for and on behalf of President of India, does not bind itself to accept the lowest or any other tender, and reserves its right to reject any or all of the tenders received or cancel the tendering process at any stage, either in part or full, without assigning any reason. All tenders, in which any of the prescribed conditions are not fulfilled or are incomplete in any respect, are liable to be rejected.

L. MSE's & Startups are exempted in EMD, Experience and Turnover criteria.

M. Tender can also be freely downloaded from central procurement portal (www.eprocure.gov.in), and from www.cwc.gov.in.

N. Bids can be submitted only through online on Central Public Procurement Portal web site (www.eprocure.gov.in).

O. The bids will be opened online at the date mentioned in the Notice Inviting Tender (NIT), in the presence of the bidders, who wish to see the online opening of tender or offline through their authorized representative who may choose to attend online opening in the office of EE, Planning & Investigation Division, CWC, Faridabad -121001.

3. Bids shall be accepted through e-procurement only at e-tendering portal of CPPP.

The competent authority, for and on behalf of President of India, does not bind itself to accept the lowest or any other tender, and reserves its right to reject any or all of the tenders received or cancel the tendering process at any stage, either in part or full, without assigning any reason. All tenders, in which any of the prescribed conditions are not fulfilled or are incomplete in any respect, are liable to be rejected.

अधिशासी अभियंता
योजना एवं अन्वेषण मण्डल
केन्द्रीय जल आयोग, फ़रीदाबाद

प्रतिलिपि/Copy To:

1. अधीक्षण अभियंता, योजना परिमंडल, केन्द्रीय जल आयोग, फ़रीदाबाद।
2. सहायक लेखा अधिकारी, योजना एवं अन्वेषण मण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फ़रीदाबाद।
3. उपमंडल अभियंता (मुख्यालय), योजना एवं अन्वेषण मण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फ़रीदाबाद।
4. उपमंडल अभियंता, प्रदर्शनी एवं संग्रहालय उपमंडल, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
5. नोटिस बोर्ड योजना परिमण्डल, योजना एवं अन्वेषन मण्डल, फ़रीदाबाद।

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

योजना एवं अन्वेषण मण्डल

क्वार्टर नं. 1061-64, टाइप-V, एनएच-IV, फरीदाबाद-121001 (हरियाणा)

फोन/फैक्स: 0129-2985365 | ई-मेल: pi-cwc@nic.in

एनआईटी संख्या: 102/06/NIT/2026-27/2064-68 **दिनांक: 19.10.2026**

निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद के योजना एवं अन्वेषण मण्डल के अधिशासी अभियंता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से मद-दर (Item Rate) आधार पर ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

1. कार्य का विवरण

कार्य का नाम: "जल संसाधन परियोजनाओं पर RTDAS/टेलीमेट्री प्रणाली का टेबल-माउंटेड त्रि-आयामी (3D) कार्यशील मॉडल तैयार करना एवं स्थापित करना।"

अनुमानित लागत: ₹7,67,000/- (रुपये सात लाख सड़सठ हजार मात्र)

धरोहर राशि (EMD): ₹15,340/-; समान प्रकृति के कार्यों हेतु पंजीकृत MSE विक्रेताओं को छूट।

निष्पादन गारंटी: निविदा में उद्धृत एवं स्वीकृत कार्य-मूल्य का 5 प्रतिशत।

कार्य पूर्ण करने की अवधि: कार्यादेश जारी होने की तिथि से 14 दिन।

निविदा डाउनलोड/उपलब्धता: 22.10.2026 को 14:00 बजे से।

ऑनलाइन बोली जमा करने की अवधि: 22.10.2026 (14:00 बजे) से 29.10.2026 (14:00 बजे) तक।

ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 30.10.2026 को 14:00 बजे।

2. पात्रता मानदंड

निविदा दस्तावेज़ के प्रावधानों के अधीन, इस निविदा प्रक्रिया में वे सभी बोलीदाता भाग ले सकते हैं जो पात्रता एवं अर्हता मानदंडों को पूरा करते हों। बोली जमा करने की तिथि पर तथा अनुबंध दिए जाने तक बोलीदाता को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा।

A. बोलीदाता निम्न में से होना चाहिए:

(क) कोई प्राकृतिक व्यक्ति, निजी संस्था अथवा सार्वजनिक संस्था (राज्य-स्वामित्व वाला उद्यम या संस्थान) ।

(ख) संबंधित सेवाओं के लिए, जहाँ लागू हो, GSTIN, PAN, EPF, ESI, श्रम तथा निजी सुरक्षा एजेंसियों आदि के संबंध में वैध पंजीकरण वाला गैर-परामर्श सेवा प्रदाता।

B. बोलीदाता को निम्न शर्तें पूरी करनी होंगी:

(क) वह दिवालिया, रिसीवरशिप में, दिवालियापन की प्रक्रिया में या परिसमापनाधीन न हो; उसके मामलों का प्रशासन किसी न्यायालय या न्यायिक अधिकारी द्वारा न किया जा रहा हो; उसकी व्यावसायिक गतिविधियाँ निलंबित न हों और उपर्युक्त किसी कारण से उसके विरुद्ध कोई न्यायिक कार्यवाही लंबित न हो। यह शर्त अनुबंध के किसी भाग से

जुड़े सहयोगी/सहायक संस्थानों तथा ठेकेदारों/उप-ठेकेदारों पर भी लागू होगी।

(ख) क्रय करने वाले संगठन अथवा उसके मंत्रालय/विभाग द्वारा अपनी निविदा प्रक्रियाओं में भाग लेने से अयोग्य, काली सूचीबद्ध, प्रतिबंधित या डिबार घोषित न किया गया हो।

(ग) बोली जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व के तीन वर्षों के दौरान दोषसिद्ध न हुआ हो तथा भारत सरकार की उपयुक्त एजेंसियों द्वारा निम्न कारणों से निविदा प्रक्रियाओं में भाग लेने हेतु अयोग्य/निलंबित/काली सूचीबद्ध/प्रतिबंधित/डिबार घोषित न किया गया हो:

• भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 या किसी अन्य कानून के अंतर्गत व्यावसायिक लेन-देन में नैतिक अधमता से जुड़े अपराध;

• सार्वजनिक खरीद अनुबंध के निष्पादन के दौरान जीवन, अंग या संपत्ति की हानि करने अथवा जनस्वास्थ्य को खतरे में डालने संबंधी भारतीय दंड संहिता या किसी अन्य कानून के अंतर्गत अपराध;

• भारत सरकार की सक्षम एजेंसियों द्वारा निर्धारित देश के प्रति संदिग्ध/डांवाडोल निष्ठा अथवा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम।

(घ) उपर्युक्त कारणों से अयोग्य/निलंबित/काली सूचीबद्ध/प्रतिबंधित/डिबार घोषित होने के बाद अपना नाम न बदला हो और न ही नई "संबद्ध फर्म" बनाई हो।

(ङ) बोलीदाता के रूप में, भागीदार, निदेशक या किसी अन्य हैसियत से ऐसे सेवानिवृत्त प्रबंधक (राजपत्रित पद के) अथवा केन्द्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी से संबद्धता न हो, जिनकी सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष की कूलिंग-ऑफ अवधि पूरी न हुई हो। यदि संबंधित पूर्व संगठन ने कूलिंग-ऑफ अवधि में छूट दी हो, तो यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इस निविदा प्रक्रिया में शामिल क्रयकर्ता संस्था के अधिकारियों के निकट संबंधियों से संबंधित प्रतिबंध भी लागू होंगे।

(च) हितों का ऐसा टकराव न हो जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करे। उद्धृत दरें प्रतिस्पर्धी हों तथा कोई अनुचित, अनैतिक या प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीका न अपनाया जाए। प्रतिस्पर्धा सीमित करने के उद्देश्य से किसी अन्य बोलीदाता को बोली देने या न देने के लिए प्रभावित करने का प्रयास नहीं किया जाएगा।

C. निविदा दस्तावेज़ में निर्धारित कोई अन्य अतिरिक्त पात्रता शर्त, यदि लागू हो, पूरी करनी होगी।

D. माँगे जाने पर क्रयकर्ता संस्था को अपनी निरंतर पात्रता के प्रमाण उपलब्ध कराने होंगे।

E. बोलीदाता भारत सरकार की मेक इन इंडिया नीति के अनुसार श्रेणी-I/श्रेणी-II का स्थानीय आपूर्तिकर्ता होना चाहिए।

F. भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा करने वाले निर्दिष्ट देशों के बोलीदाता (भारत के साथ विकास साझेदारी में शामिल देशों को छोड़कर) खरीद वरीयता संबंधी ITB धाराओं में उल्लिखित शर्तों के अधीन पात्र होंगे।

G. बोलीदाता को निविदा खोलने की तिथि से पूर्व कम-से-कम पिछले 3 वर्षों से भारत में बाँधों, नहरों, नदी-जोड़ परियोजनाओं तथा अन्य जल संसाधन परियोजनाओं के 3D कार्यशील मॉडलों की योजना, डिजाइन, निर्माण एवं स्थापना के व्यवसाय में होना चाहिए।

H. बोलीदाता को पिछले तीन वित्तीय वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर ₹7.00 लाख प्रस्तुत करना होगा।

I. ठेकेदार ने मार्च 2026 को समाप्त होने वाली पिछली 5 वर्षों की अवधि में केन्द्र/राज्य सरकार के निकायों/विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में समान प्रकृति के कार्य निम्नलिखित में से किसी एक मानदंड के अनुसार किए हों:

(i) अनुमानित लागत के कम-से-कम 40% मूल्य के तीन समान पूर्ण कार्य; अथवा

(ii) अनुमानित लागत के कम-से-कम 60% मूल्य के दो समान पूर्ण कार्य; अथवा

(iii) अनुमानित लागत के कम-से-कम 80% मूल्य का एक समान पूर्ण कार्य।

समान कार्य से आशय बाँधों, नहरों, नदी-जोड़ परियोजनाओं या अन्य जल संसाधन परियोजनाओं के 3D कार्यशील मॉडलों का निर्माण एवं स्थापना है।

J. उपर्युक्त कार्यों के पूर्णता प्रमाण-पत्रों में किए गए कार्य का दायरा, प्रकृति तथा निष्पादित कार्य के विभिन्न घटकों का मूल्य स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए, ताकि समान कार्य की परिभाषा से अनुरूपता की पुष्टि हो सके। प्रमाण-पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त होना चाहिए; अन्यथा उन कार्यों पर विचार नहीं किया जाएगा।

K. भारत के राष्ट्रपति की ओर से सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है। उसे बिना कारण बताए किसी भी चरण में प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को, पूर्णतः या आंशिक रूप से, अस्वीकार करने अथवा निविदा प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित शर्तें पूरी न करने वाली या किसी भी दृष्टि से अपूर्ण निविदाएँ अस्वीकार की जा सकती हैं।

L. MSE एवं स्टार्टअप को EMD, अनुभव तथा टर्नओवर संबंधी मानदंडों में छूट प्राप्त है।

3. निविदा दस्तावेज़ केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (www.eprocure.gov.in) तथा www.cwc.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं।

4. बोलियाँ केवल केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (www.eprocure.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जा सकती हैं।

5. बोलियाँ NIT में उल्लिखित तिथि पर ऑनलाइन खोली जाएँगी। जो बोलीदाता ऑनलाइन निविदा खोलने की प्रक्रिया देखना चाहें, वे इसमें भाग ले सकते हैं। वे अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अधिशासी अभियंता, योजना एवं अन्वेषण मण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद-121001 के कार्यालय में भी उपस्थित हो सकते हैं।

6. बोलियाँ केवल CPPP के ई-प्रोक्योरमेंट/ई-टेंडरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जाएँगी।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है। उसे बिना कारण बताए किसी भी चरण में प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को पूर्णतः या आंशिक रूप से अस्वीकार करने अथवा निविदा प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित शर्तें पूरी न करने वाली या किसी भी दृष्टि से अपूर्ण निविदाएँ अस्वीकार की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियंता
योजना एवं अन्वेषण मण्डल
केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद

प्रतिलिपि:

1. अधीक्षण अभियंता, योजना परिमंडल, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद।
2. सहायक लेखा अधिकारी, योजना एवं अन्वेषण मण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद।
3. उपमंडल अभियंता (मुख्यालय), योजना एवं अन्वेषण मण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद।
4. उपमंडल अभियंता, प्रदर्शनी एवं संग्रहालय उपमंडल, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
5. नोटिस बोर्ड, योजना परिमंडल/योजना एवं अन्वेषण मण्डल, फरीदाबाद।